Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 16 जनवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 109

# एपी माहेश्वरी बने सीआरपीएफ के महानिदेशक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईपीएस अधिकारी आनंद प्रकाश माहेश्वरी ने बुधवार को दुनिया के सबसे बड़े 3.25 लाख कर्मियों वाले अर्द्धसैनिक बल सीआरपीएफ के नए महानिदेशक का पदभार संभाला।

उत्तर प्रदेश कैडर के 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी माहेश्वरी को 13 जनवरी को सीआरपीएफ के नए प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया था।

माहेश्वरी ने आईटीबीपी के महानिदेशक एसएस देशवाल से यह प्रभार लिया। देशवाल को सीआरपीएफ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। उनके पूर्ववर्ती आरआर भटनागर 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। भटनागर की सेवानिवृत्ति के बाद सीआरपीएफ का अतिरिक्त प्रभार आईटीबीपी के महानिदेशक एसएस देशवाल को सौंपा गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि माहेश्वरी को लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीआरपीएफ के मुख्यालय में सीआरपीएफ की कमान सौंपी गई। माहेश्वरी अगले वर्ष फरवरी में सेवानिवृत्त होंगे। अधिकारी ने बताया कि बल के नए प्रमुख को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

माहेश्वरी इससे पहले तक गृह मंत्रालय में विशेष सचिव पद पर तैनात थे। इससे पहले वह सीआरपीएफ में महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक पद पर रह चुके हैं। सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने कहा कि नए डीजी ने कहा कि यह उनके लिए घर वापसी है क्योंकि उन्होंने पहले भी नौ साल तक इस बल में



काम किया है। प्रवक्ता ने महानिदेशक के हवाले से कहा कि सीआरपीएफ के रूप में इस तरह के बल को मजबूत करना मेरे लिए बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है। यह देश, अपने लोगों और निश्चित रूप से खुद को बल के सदस्यों की सेवा करने का अवसर है। माहेश्वरी अब तक गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) के रूप में कार्य कर रहे थे, उन्होंने ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) का नेतृत्व किया है और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में विशेष महानिदेशक के रूप में भी काम किया है। माहेश्वरी ने समाजशास्त्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री ले रखी है, इसके अलावा उन्होंने एमबीए भी किया है। उन्हें वीरता पदक भी मिल चुका है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को देश के प्रमुख आंतरिक सुरक्षा बल के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसका मुख्य कार्य नक्सल विरोधी अभियानों और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी अभियानों का संचालन करना है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जनवरी में बारिश नए रिकॉर्ड बनाएगी

**» मौसम विभाग ने दी ये चेतावनी**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी दिल्ली में मौसम विभाग का कहना है कि जनवरी का महीना बारिश के नए रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, जनवरी माह के बाकी 15 दिन में मौसम का मिजाज बदलेगा। इसमें बारिश और बादलों की आवाजाही देखी जाएगी। एक के बाद एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से बुधवार रात से फिर एक बार हल्की बारिश होगी और गुरुवार को वह तेज बौछारों में बदल जाएगी। इस कारण से दिन के समय भी लोगों को बहुत सर्दी लगेगी। इस पूरे सप्ताह तापमान 18 डिग्री से नीचे ही बना रहेगा। 16 जनवरी को दिन का तापमान 15 डिग्री तक गिर सकता है। सोमवार रात कई इलाकों में बारिश हुई। मंगलवार को भी राजधानी में बादल छाए रहे। अधिकतम तापमान 17.7 डिग्री रहा।

### कोर्ट ने भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को दी जमानत

**» सीएए विरोधी प्रदर्शन**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को जमानत दे दी। उन पर 20 दिसंबर को जामा मस्जिद में सीएए विरोधी प्रदर्शन के दौरान लोगों को भड़काने का आरोप है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कामिनी लाउ ने आजाद को कुछ शर्तों के साथ राहत दी। आजाद को जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि वह चार हफ्तों तक दिल्ली नहीं आ सकेंगे और चुनावों तक कोई धरना आयोजित नहीं करेंगे। आजाद के संगठन ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ 20 दिसंबर को पुलिस की इजाजत के बिना ही जामा मस्जिद से जंतर-मंतर तक विरोध मार्च का आह्वान किया था। इस मामले में गिरफ्तार किये गए 15 अन्य लोगों को नौ जनवरी को अदालत ने जमानत दे दी थी।

### अब एनआईए कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची छत्तीसगढ़ सरकार

**» सीएए के खिलाफ पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुकी है केरल सरकार**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को केरल सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के बाद अब एक और कानून की संवैधानिकता को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर अपनी ही पार्टी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय जांच एजेंसी कानून, 2008 यानी एनआईए एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने का अनुरोध किया है। छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रीय जांच एजेंसी कानून, 2008 को चुनौती देने वाली पहली राज्य सरकार है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केरल सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत नागरिकता संशोधन कानून को चुनौती दिए जाने के एक दिन बाद यह याचिका दायर की है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अनुच्छेद 131 के तहत यह वाद दायर किया है। अनुच्छेद 131 के अंतर्गत केंद्र के साथ विवाद के मामले में राज्य सीधे उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर सकता है। राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी कानून संविधान के अनुरूप नहीं है और यह संसद के विधायी अधिकार क्षेत्र से बाहर है क्योंकि यह कानून राज्य पुलिस द्वारा की जाने वाली जांच के लिए केंद्र एक जांच एजेंसी के सृजन का अधिकार देता है।

### कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 17 ट्रेनें डेढ़ से लेकर पांच घंटे चल रही हैं लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वाली 17 ट्रेनें आज भी देरी से चल रही है। ये ट्रेनें 1.30 घंटे से लेकर पांच घंटे तक लेट बताई गई हैं। रेलवे के अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## केजरीवाल 20 जनवरी को भरेंगे पर्चा फिर करेंगे रोड शो

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है. इसके साथ ही पार्टी के प्रमुख नेताओं द्वारा नामांकन दाखिल करने की तिथियां भी सामने आने लगी हैं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 20 जनवरी को पर्चा दाखिल करेंगे. नामांकन भरने के बाद उसी दिन वह रोड शो भी करेंगे. वहीं डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया 16 जनवरी को अपना नामांकन भरेंगे. बता दें कि केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे. वहीं, मनीष सिसोदिया पूर्वी दिल्ली से अपना भाग्य आजमाएंगे।



बता दें कि मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया था. बैठक के बाद दिल्ली की सभी 70 सीटों पर आप ने अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया था. सीएम अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से तो डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पटपड़गंज सीट से चुनाव लड़ेंगे।

## चार घंटे बर्फ में चलकर 100 जवानों ने गर्भवती महिला को पहुंचाया अस्पताल

**» पीएम ने किया सलाम**



**श्रीनगर (आरएनएस)।** भारतीय सेना आज 72वां सेना दिवस मना रही है. सेना दिवस के इस मौके पर हर कोई देश की सुरक्षा में तैनात सैनिकों पर गर्व महसूस कर रहा है. इसी बीच जम्मू-कश्मीर से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसे देखने के बाद आपको सेना के जवानों पर फक्र महसूस होगा. इस तस्वीर को देखने से पता चलता है कि भारतीय सुरक्षा में तैनात जवान केवल दुश्मनों पर हमला करने के लिए ही नहीं बल्कि आम लोगों की मदद के लिए भी हर पल तैयार रहते हैं. इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सेना के 100 जवानों ने कैसे चार घंटे तक बर्फ में पैदल चलकर एक गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस वीडियो को ट्वीट किया और सेना के जवानों को सलाम किया. पीएम मोदी इसी के साथ शमीमा और उनके बच्चे की अच्छी सेहत की कामना की। बता दें कि सेना के चिनार कॉर्प्स को मंगलवार को बताया गया कि घाटी में बर्फबारी होने के कारण एक गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाने में दिक्कत हो रही है. कमर तक बर्फ गिरी होने के कारण कोई भी साधन उसे लेकर अस्पताल तक नहीं पहुंच सकता था. इसके बाद सेना के 100 जवान वहां पहुंचे और चार घंटे तक भारी बर्फ में चलकर गर्भवती महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

## 5 महीने बाद 5 जिलों में 2जी मोबाइल इंटरनेट सेवा शुरु


**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में करीब पांच महीने के बाद राज्य प्रशासन ने जम्मू संभाग के पांच जिलों जम्मू, सांबा, कठुआ, ऊधमपुर और रियासी में 15 जनवरी से पोस्टपेड पर 2जी मोबाइल इंटरनेट सेवा को बहाल करने का निर्देश दिया है।

वहीं, कश्मीर में भी होटलों, शैक्षिक संस्थानों और ट्रेवल एजेंसियों के लिए ब्राडबैंड सुविधा शुरू की जा रही है। राज्य गृह विभाग ने मंगलवार देर रात इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। हालांकि यह सुविधा फिलहाल सात दिनों के लिए है। आवश्यकता अनुसार इसे बढ़ाया या बंद किया जा सकता है।

मंगलवार को गृह विभाग की ओर से इस आशय का आदेश जारी किया गया। अपने तीन पृष्ठ के आदेश में गृह विभाग ने कहा कि कश्मीर संभाग में अेतिरिक्त 400 इंटरनेट कियोस्क स्थापित किए जाएंगे। इंटरनेट सेवा प्रदाता आवश्यक सेवाओं वाले सभी संस्थानों, अस्पतालों, बैंकों के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों में ब्रॉडबैंड सुविधा प्रदान करेंगे।

पर्यटन की सुविधा के लिएए ब्रॉडबैंड इंटरनेट होटलों और यात्रा प्रतिष्ठानों को प्रदान किया जाएगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि जम्मू क्षेत्र में ई-बैंकिंग सहित सुरक्षित वेबसाइट देखने के लिए पोस्टपेड मोबाइलों पर 2जी मोबाइल कनेक्टिविटी की अनुमति दी जाएगी।

## जेफ बेजोस ने गांधी को दी श्रद्धांजलि



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स और ई-कॉमर्स कंपनी अमेजॉन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेफ बेजोस तीन दिनों की भारत यात्रा पर हैं. बेजोस मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे. उन्होंने शाम को महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पर श्रद्धांजलि दी। बेजोस ने इसका एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद कुर्ता और नारंगी जैकेट में दिख रहे हैं। जेफ बेजोस ने ट्वीट किया, 'अभी भारत में उतरा हूं, जिन्होंने सचमुच में दुनिया बदली, उन्हें मेरा नमन है. महात्मा गांधी कहते थे- जीवन उस तरह जिएं, जैसे कल आखिरी दिन है। उस तरह सीखें, जैसे हमेशा यहां रहना है।नई दिल्ली में आज से ऑनलाइन रिटेलर का दो दिवसीय सम्मेलन 'संभव शुरू हो रहा है. बेजोस इसी सिलसिले में भारत आए हैं. इसी सम्मेलन के दौरान बेजोस की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होगी. इसके बाद फिल्म और इंडस्ट्री के लोगों से मिलने का भी कार्यक्रम हैं।

## सीएए के विरोध में हिंसा करने वालों से रेलवे वसूलेगा 88 करोड़

**» हिंसा कर नुकसान करने के मामले में अब तक 21 गिरफ्तार**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने नागरिकता कानून के खिलाफ हुए प्रदर्शन में रेलवे संपत्ति को क्षति पहुंचाने के आरोप में पश्चिम बंगाल, बिहार और असम से 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों से रेलवे 88 करोड़ रुपये की वसूली करेगा।

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने संपत्ति के नुकसान को लेकर 27 मामले दर्ज किए हैं। वहीं रेलवे सुरक्षा




बल (आपीएफ) ने आगजनी, हिंसा, रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए 54 मामले दर्ज किए हैं। आरपीएफ के अनुसार, वीडियो फुटेज के जरिए अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही इस मामले में कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती है। भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 151 के तहत रेल संपत्ति को नुकसान का हर्जाना वसूला जाएगा। इसके तहत अधिकतम सात वर्ष कारावास की सजा का भी प्रावधान है। हर्जाने की वसूली के लिए रेलवे अदालत की शरण ले सकता है।

## मायावती ने अपने जन्मदिन पर कांग्रेस और भाजपा पर साधा निशाना

**लखनऊ (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती आज अपने 64वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उन्होंने लखनऊ में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अर्थव्यवस्था बीमार है और 130 करोड़ लोगों के रोजाना रोजी-रोटी का संकट है।



मायावती ने आगे कहा कि बीजेपी निजी स्वार्थ की वजह से सत्ता का दुरुपयोग करने से पीछे नहीं हट रही है। केंद्र की नीतियां पूरी तरह से गलत हैं और इस वजह से देश में इस वक्त गरीबी, अशिक्षा और तनाव का माहौल बना हुआ है। मायावती ने कहा कि गरीब, आदिवासी, मुस्लिम और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यक इस सरकार में ज्यादा परेशान हैं। केंद्र सरकार सत्ता कादुरुपयोग कर रही है जिससे देश का माहौल अराजक होता जा रहा है। केन्द्र सरकार की नीतियों से देश की जनता परेशान है। बीजेपी सरकार में लोग परेशान है। देश की अर्थव्यवस्था मंदी की ओर है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी कांग्रेस पार्टी की राह पर चल निकली है।यह राजनीतिक लाभ के लिए अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण देश भर में अशांति और कानून व्यवस्था बिगड़ गई है, जो राष्ट्रीय चिंता का विषय है।

### सीएम ने दुबई में रखे सिंदरी के युवक के शव को सम्मान पूर्वक लाने की पहल की

**रांची (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के सिंदरी निवासी जय प्रकाश महतो का शव को संयुक्त अरब अमीरात यूएई से भारत लाने में केंद्र सरकार सहयोग करे। ताकि एक माँ अपने बेटे का, एक पत्नी अपने पति का, एक बहन अपने भाई का अंतिम दर्शन कर सके। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने संयुक्त अरब अमीरात के अबुधाबी स्थित भारत दूतावास, विदेश मंत्रालय और विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर से आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि झारखण्ड सरकार की ओर से धनबाद के उपायुक्त द्वारा शव को भारत लाने के लिए विदेश मंत्रालय स्तर पर सभी जरूरी कागजात सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई की गई है।

**क्या है मामला...**

सिंदरी के मनोहरटांड़ निवासी जय प्रकाश महतो संयुक्त अरब अमीरात के अलकासिम स्थित सऊदी सर्विसेज फॉर एलेक्ट्रोमेकेनिक्स वर्क्स कंपनी में पाइप फिटर का काम करता था।

## ईरान के विदेश मंत्री ने अजीत डोभाल से की मुलाकात

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ईरान के प्रमुख सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी के अमेरिकी हमले में मारे जाने के बाद उपजी तनावपूर्ण स्थिति के बीच ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जावद जरीफ ने आज यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की।



जरीफ रायसीना संवाद में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे थे। इस मुलाकात के बारे में कोई आधिकारिक ब्योरा नहीं दिया गया है लेकिन यह माना जा रहा है कि दोनों ने खाड़ी क्षेत्र की तनावपूर्ण स्थिति और इससे संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्री के आज ही रायसीना संवाद में अपने विचार रखने की संभावना है। उनका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मिलने का कार्यक्रम है।

जरीफ अपने रूसी समकक्ष के अलावा अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हमदोल्ला मोहाब और जर्मनी के राजनयिक नील एनन से भी मिले हैं।

इन नेताओं के साथ भी उन्होंने खाड़ी क्षेत्र के हालातों पर चर्चा की है। रायसीना संवाद के इतर उनके कई अन्य देशों के नेताओं से भी मिलने की संभावना है।

## तरणजीत सिंह संधू होंगे अमेरिका में भारत के नए राजदूत

**» कई और देशों के राजदूत भी बदले गए**

**नईदिल्ली (आरएनएस)। तरणजीत सिंह संधू अमेरिका में भारत के नए राजदूत की कमान संभालने जा रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है।**

ज्ञात हो कि हर्षवर्धन श्रृंगला इससे पहले अमेरिका में भारत के राजदूत थे। जानकारी के मुताबिक, हर्षवर्धन श्रृंगला के मनोयन से संबंधित मामले पर कार्रवाई पूरी हो चुकी है। हालांकि सरकार ने अभी तक इसकी घोषणा नहीं की है।



संधू फिलहाल 24 जनवरी 2017 से श्रीलंका में भारतीय राजदूत की जिम्मदारी निभा रहे हैं। इसस पहले वह 2013 से 2017 तक वाशिंगटन डीसी में डिप्टी चीफ (मिशन) के तौर पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इससे पहले वह 1997 से 2000 तक भी इस पद पर रह चुके हैं। वह वाशिंगटन डीसी से काफी परिचित हैं।

सरकारी सूत्र ने बताया कि तरणजीत सिंह संधू के मनोयन की घोषणा जल्द ही की जा सकती है। फरवरी के अंत तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत का दौरा कर सकते हैं। इस कारण भी इनके नाम की घोषणा जल्द की जा सकती है।

साथ ही यह भी बताया गया कि वाशिंगटन डीसी में भी नए राजदूत के चयन को लेकर प्रक्रिया चल रही है। ज्ञात हो कि अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने स्वदेश लौटने से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से ओवल हाउस में मुलाकात की थी। श्रृंगला ने भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया।